कार्यक्रम | पत्रकारिता के उद्भव से लेकर वर्तमान स्वरूप तक के सफर को बड़ी बारीकी से उपस्थितों के समक्ष साझा किया

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों का सफर पुनरावलोकन व आत्मावलोकन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्षों के इतिहास पर चर्चा करने और भविष्य की चुनौतियों का आत्म-मंथन करने के उद्देश्य से आज शगुन मैरिज गार्डन में एक गरिमामयी कार्यक्रम हुआ। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पुनरावलोकन एवं आत्मावलोकन विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर निदेशक, माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल उपस्थित रहे। शुरुआत दीप प्रज्वलन कर, पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, भाजपा नेता महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी, इंजी सुनील कोठारी, कांग्रेस नेता डॉ संजीव चांदोरकर, अधिवक्ता संघ के सचिव सुलभ जैन, साहित्यकार अजय तुलसी, एड प्रवीण शर्मा,संजय जैन भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन के सूत्रधार सुशान्त पुरोहित ने किया। पत्रकार संवाद केन्द्र के बैनर तले हुए कार्यक्रम के दौरान श्रीधर ने पत्रकारिता के उद्भव से लेकर वर्तमान स्वरूप तक के सफर को बड़ी बारीकी से उपस्थितजनों के समक्ष साझा किया।



## पत्रकारिता पेशा नहीं राष्ट्र निर्माण का माध्यम

इस मौके पर उन्होंने पत्रकारिता के पुरखों को आदरांजलि देते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जो बात छुपाई जाए, उसे बताया जाए वह पत्रकारिता है और जो बात सच न होते हुए भी बताया जाए वह प्रचार है। पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम और सामाजिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि 1826 में उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ शुरू हुआ। यह सफर आज डिजिटल युग तक पहुँच चुका है। उन्होंने वर्तमान दौर में पत्रकारिता के गिरते मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज पत्रकारों को स्वयं के भीतर आत्मावलोकन की आवश्यकता है ताकि विश्वसनीयता बनी रहे। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा स्व. माधवराव सप्रे के योगदान को याद करते हुए बताया कि कैसे सीमित संसाधनों में भी भाषाई मर्यादा और राष्ट्रीयहितों को सर्वोपरि रखा गया। आज हिंदी समाचारों में अंग्रेजी के शब्दों का चलन बड़ा है जो हिंदी के लिये खतरा है।

## कार्यक्रम की मुख्य बातें

श्रीधर जी ने इस मौके पर अपनी जन्मस्थली बोहानी को प्रणाम किया और कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूँ अपनी मातृभूमि और गुरुजनों, माता-पिता की बदौलत हूँ। आप जहाँ भी रहें विनम्र बने रहें, प्रतिद्वंदता न रखें, किसी से ईर्ष्या भाव न रखें, इंसानियत को सर्वोपरि रखें। हम बच्चों को भी अच्छे गुण सिखाएं उन्हें रोबोट न बनाएं, बच्चे सभी भाषाओं का ज्ञान लें पर अपनी मातृभाषा को विस्मृत न करें, हम जब एक साथ हों तो अपनी स्थानीय भाषा में बात करें और यही हमारी पहचान है। इस संगोष्ठी में शहर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकार जगत की हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान श्रीधर जी ने भारत में पत्रकारिता के ऐतिहासिक संदर्भ में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष की गाथा, हिंदी के स्वरूप और समाचार पत्रों में उसकी शुद्धता बनाए रखने की चुनौती व सोशल मीडिया और फेक न्यूज के दौर में मुख्यधारा की पत्रकारिता की जिम्मेदारी सहित, सामाजिक सरोकार पत्रकारिता का समाज के प्रति दायित्व और वंचितोंच की आवाज बनना जैसे विषयों पर अपनी बात रखी।

### बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों की सहभागिता

संगोष्ठी में उपस्थित बुद्धिजीवियों ने श्री श्रीधर से इतिहास और शोध पर आधारित कई जानकारियां भी लीं। समाजसेवियों ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी निष्पक्षता को हर हाल में सुरक्षित रखना चाहिए। स्थानीय पत्रकारों के लिए यह सत्र काफी ज्ञानवर्धक रहा, जहाँ उन्हें समाचार पत्र उनके संग्रह के महत्व और पुराने दस्तावेजों के संरक्षण की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। पत्रकारिता में तकनीक बदल सकती है, माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन पत्रकारिता की आत्मा सत्य कभी नहीं बदलनी चाहिए। भारतीय पत्रकारिता और साहित्य के दो स्तंभ पंडित माखनलाल चतुर्वेदी और माधवराव सप्रे भारतीय पत्रकारिता और साहित्य के वे दो स्तंभ हैं, जिन्होंने न केवल हिंदी भाषा को समृद्ध किया, बल्कि अपनी लेखनी को स्वतंत्रता संग्राम का अस्त्र बनाया। इन दोनों विभूतियों का संबंध गुरु-शिष्य जैसा था और दोनों ने मध्य प्रदेश की।



# नारी सशक्तिकरण एवं नो पॉलिथीन का दिया संदेश

**नवभारत,गोटेगांव।** क्षेत्र के करकबेल स्थित प्राणी मित्र समिति ने रामनवमी के पावन अवसर पर भक्ति एवं श्रद्धा के साथ माता रानी के स्वरूप में बालिकाओं का विधिवत पूजन एवं तिलक किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी गई। इस अवसर पर प्राणी मित्र समिति करकबेल के संचालक डॉ. विनय द्वारा मातृशक्ति का पूजन कर नारी शक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष पहल की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है, अतः उनका सम्मान एवं संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान नो पॉलिथीन अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। बालिकाओं को मक्का एवं धान के स्टार्च से निर्मित पर्यावरण अनुकूल पॉलिथीन में सामग्री प्रदान की गई, जिससे प्राकृतिक एवं सुरक्षित विकल्पों को अपनाने का संदेश दिया गया। बालिकाओं ने भी नो प्लास्टिक उपयोग करने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, गौवंश संरक्षण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में नदियों, शहरों एवं ग्रामों को पॉलिथीन मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण हेतु सभी को प्रेरित किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं नारी सशक्तिकरण का एक सुंदर संगम बनकर समाज में सकारात्मक संदेश देने में सफल रहा।

# झोतेश्वर में राजराजेश्वरी मैया के श्री राम स्वरूप में हुए दर्शन

**नवभारत,गोटेगांव।** समीपवर्ती धार्मिक स्थल पर महंसी गंगा आश्रम झोते वर स्थित श्री वानम की हरी हरी हरियाली से सुसज्जित पहाड़ियों के बीचो-बीच अनोखी छटा बिखरने वाला अतिसुंदर आकर्षक मनमोहक आधुनिक कलात्मक कलाकृक्ति से निर्मित भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका ललिता पराम्बा जगदंबा मांभगवती त्रिपुरसुंदरी माँ राजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभअवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है। चैत्र नवरात्रि के नवम दिवस रामनवमी पावन पर्व पर माँ राजराजेश्वरी मैया जी का मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामजी प्रभुजी के स्वरूप में अतिसुंदर अलौकिक



मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया,मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन आरती वंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजजी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्तकर धर्म लाभ उठाकर अपना मानव जीवन का कल्याण कर रहे है।

# वनांचल क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का कार्य शुरू

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्र उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार पीएम जनमन योजना के अंतर्गत दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

रविवार को जनपद पंचायत बाबई-चीचली के ग्राम मोहपानी में आयोजित विशाल आदिवासी सम्मेलन में मंत्री सिंह ने ग्राम मोहपानी से वनांचल ग्राम बड़ागांव तक बनने वाली लगभग 29.1 किमी लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क निर्माण के लिए करीब 4 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। आदिवासी बहनों के हाथों हुआ शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मंत्री



सिंह ने आदिवासी बहनों के हाथों फीता कटवाकर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। उन्होंने आदिवासी समाज का पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया। सड़क से मिलेगा विकास का रास्ता मंत्री सिंह ने कहा कि इस सड़क के बनने से वनांचल क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और रोजगार से सीधे जुड़ जाएगा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण गुणवत्ता और मानक स्तर के अनुसार किया जाए, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान मंत्री ने इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं-ग्राम बड़ागांव में स्कूल भवन निर्माण सांदीपनी स्कूलों के माध्यम से आदिवासी बच्चों को शिक्षा नल-जल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्धता सालीचौका में बड़े अस्पताल का निर्माण उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत पात्र लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है तथा राज्य में एयर एम्बुलेंस सेवा भी शुरू की गई है। मंत्री सिंह ने क्षेत्र के विकास हेतु अतिरिक्त घोषणाएं भी कीं- ग्राम मोहपानी में बड़ादेव मंदिर के लिए 2 लाख रुपये छोटा जबलपुर में सर्वसुविधायुक्त प्रसाधन गृह हेतु 5 लाख रुपये टुईयापानी से भिलमाढ़ाना तक नई सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, अधिकारीगण, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# करेली नगर कांग्रेस को मिला नया अध्यक्ष

**नवभारत,करेली।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने युवा नेता ब्रजमोहन चौकसे को करेली नगर कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि ब्रजमोहन चौकसे लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ब्रजमोहन चौकसे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने



का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान भी किया। स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में करेली नगर कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी।

## एक नजर में

### श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** श्री राम रसिया संकटमोचक हनुमान जी महाराज के प्रकटोत्सव महापर्व पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे। जगह-जगह अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ चोला बंदन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसी सिलसिले में नगर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम रसिया हनुमान जी महाराज दादा दरबार में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 31 मार्च से 2 अप्रेल तक सहस्त्रार्चन नगम चमक अभिषेक हनुमाष्टक सुंदरकांड पाठ के साथ हवन पूजन किया जायेगा। विशाल भंडारे के साथ 2 अप्रेल को महाआरती संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। नगर में निकलेगी विशाल शोभायात्रा विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल और बाहन चालक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नगर में श्री हनुमान प्रकटोत्सव महापर्व धूमधाम से मनाये जाने को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।राम घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो मंगल भवन से विशेष झांकी अखाड़े के साथ नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। दोपहर में संतों द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया जायेगा। कृषि उपज मंडी परिसर में विराजमान हनुमान मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।नगर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा की जा रही है। हरसिद्धि मंदिर परिसर तथा ऊमरपानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन अर्चन सुंदरकांड पाठ भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी बना हुआ है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम बंधी सर्रा में ग्राम वासियों के सहयोग से यहां पर विराजमान संत रामकृष्ण जी महाराज अयोध्या की प्रेरणा से आगामी 8 अप्रेल से पंचकुण्डात्मक श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।14 अप्रेल तक चलने वाले इस महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं प्रमोद पचोरी कथा व्यास पं शिव ओम कृष्ण शास्त्री होंगे जो दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद करेंगे। आयोजन समीति ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### नगर परिषद में ऐल्डरमैनों की नियुक्तियां

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस म प्र की समस्त नगर परिषदों में एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं।इसी सिलसिले में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अनुशंसा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल द्वारा नगर परिषद तेन्दूखेड़ा हेतू पुरुषोत्तम पटैल राजू पाली मनीष चौबे ठाकुर दास हरिजन को एल्डरमेन नियुक्त किया गया है इनकी नियुक्ति पर शुभ चिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम ऊमरपानी स्थित इच्छापूर्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ के साथ श्री राम कथा श्री गणेश पुण्य सलिला मां नर्मदा जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह महंत कमल गिरि महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण जन श्रोतागण प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चल रही है।

# शंकराचार्य बाल लीला धाम में जवारे विसर्जन में दिखा हर्षोल्लास

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप ग्राम बरहटा स्थित श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम, में आयोजित नवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर त्रिलोक सुंदरी श्री मां भगवती सिंहवाहिनी देवी के कलश विसर्जन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम हर्ष उल्लास से भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस पवित्र अवसर पर समस्त भक्त प्रेमी सज्जनों ने भगवती का महा प्रसाद प्राप्त किया और पूजन अर्चन कर माता जगत जननी मैया जी का आशीर्वाद पाया। आश्रम के संरक्षक, अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद जी महाराज और आश्रम प्रभारी सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में 9 दिनों तक चले यह विभिन्न धार्मिक आयोजन कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर समस्त भक्त प्रेमी सज्जन श्रद्धालु बंधु ग्रामवाशी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# साहू समाज ने धूमधाम और भक्ति भाव से मनाई रामनवमी

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस साहू समाज उत्थान मंडल एवं समस्त समाज द्वारा स्वर्गीय छोटेलाल साहू राम मंदिर के निर्मणा धीन मंदिर की पिपलेश्वर मंदिर में विराजित भगवान श्रीराम भाई लक्ष्मण माता सीता एवं भक्त हनुमान जी का पूजन ओमप्रकाश मुखरैया के आचार्य मे रामनवमी का कार्यक्रम धूमधाम भक्ति भाव से मनाया गया जिसमें मुख्य यजमान स्वर्गीय छोटेलाल साहू राम मंदिर। टेस्ट के अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू भोले साहू समाज अध्यक्ष भगवान दास साहू ने विधि विधान से पूजन की। साथ ही महाआरती में राम जानकी मंदिर ट्रस्ट संरक्षक इंजीनियर सरदारसिंह पटेल मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष पंकज चौकसे सचिव जितेंद्र चौबे की गरिमामई उपस्थिति के साथ मदन सोनी सेवानिवृत शिक्षक भोजराज साहू, महिला मंडल अध्यक्ष रूपवती साहू उपाध्यक्ष आशा साहू सहित अनेक स्वाजतीय सामाजिक बंधुओ ने सम्मिलित होकर रामनवमी मे बैंड बाजा। पर नृत्य के साथ उत्साह पूर्वक रामनवमी का त्यौहार मनाया गया।

# राम नवमी पर सांस्कृतिक समारोह आयोजित

**नवभारत,करेली।** अयोध्यावासी वैश्य नगर सभा करेली द्वारा विगत 3 साल से नियमित श्रीराम नवमी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस साल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हें मुन्हें बच्चों पीहू गुप्ता अश्विन गुप्ता ध्रुविका (सिद्दी) गुप्ता दर्शिका गुप्ता नित्या गुप्ता नमामि गुप्ता कासवी गुप्ता कियारा गुप्ता गौरी गुप्ता अविका गुप्ता सिद्धि गुप्ता अपादि गुप्ता आदि बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में एक नई परम्परा का पालन करते हुए बच्चों को मातृशक्ति द्वारा मंच से पुरस्कार प्रदान किए गए। भव्य सुंदरकांड पाठ एवं 18' दीपों की भव्य महा आरती की गई मनमोहक भजन संध्या ने तालियां बटोरी। भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हितकारी, हरषित महतारी मुनि-मन हारी अद्भुत रूप निहारी। लोचन अभिरामा तनु घनश्यामा निज आयुध भुजचारी, भूषण बन माला नयन विशाला शोभा सिन्धु खरारी। कह दुई कर जोरी स्तुति तोरी केहि विधि करूं अनन्ता, माया गुण ज्ञाना तीत अमाना वेद पुराण भनन्ता विप्र धेनु सुर सन्त हित, लीन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु, मायो गुण गोपार रघुकुल शिरोमणि, सनातन कुल आराध्य देव भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव श्रीराम नवमी का पावन पर्व हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया जिसमें नगर सभा के सभी स्वजनों ने सहभागिता दी। इस अवसर पर नेमा भवन सभागार में ज्ञानसरोवर मंडल की भजन मं?ली ने सुंदरकां पाठ की संगीतमय प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठ, युवाजनों, मातृशक्ति ने पूजन अर्चन किया। रामनवमी का त्यौहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा-पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था। श्रीराम प्राकट्योत्सव के पावन पर्व को सभी ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र गुप्ता, संजय गुप्ता, नीलेश गुप्ता ने एवं आभार देवेन्द्र गुप्ता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व युवाजनों मातृशक्ति,बच्चों की सहभागिता रही।

# दूसरे दिवस भी जारी रहा जवारे विसर्जन व कलश यात्रा का सिलसिला

## शोभा यात्रा में झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय बैलहाई बाजार स्थित मां ठाकरान दाई मंदिर सहित नगर में आदिशक्ति आराधना चैत्र नवरात्र पावन पर्व के समापन के शुभ अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्थापित मातारानी की प्रतिमा घट कलश व जवारों की नौ दिनों तक श्रद्धाभक्ति से पूजनअर्चन आरती वंदन सेवा करने के उपरांत भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा के रूप में हर्षोल्लासमय वातावरण के साथ भक्ति श्रद्धापूर्वक धूमधाम से निकाली गई।



शोभायात्रा बैंड बाजे ढोल धमाकों आतिश बाजी केसाथ संगीतमय मधुर धुन पर देवी गीतों के साथ युवक युवतियां झूमते नाचते गाते हुए एवं महिलाएं सिर पर घट जवारें खप्पर रखे हुए वही युवा एवं बच्चे तोरण ध्वज थामे हुए मातारानी का जयकारा लगाते हुए सारे नगर को गुंजायमान कर धर्ममय बनाकर अपनी भक्ति श्रद्धा प्रकटकर रहे थे जगहजगह श्रद्धालुबंधुओं द्वारा जलपान की समुचित व्यवस्था करने के साथ साथ कलश जवारों पर मां नर्मदा जल दूध चढ़ाकर पूजन अर्चन करने के साथही कुछ भक्तों द्वारा लोहे के बाने धारण कर करने के अलावा कुछ श्रद्धालुबंधु दंड भरते हुए मातारानी के प्रति असीम श्रद्धाभक्ति दर्शाते हुए चलने के साथही शोभा यात्रा के आगे आगे अखाड़ों के कलाकारों द्वाराअपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शनकर श्रद्धालुबंधुओं का मनमुग्ध कर दिया वहीं दूसरी ओर बैलहाई बाजार स्थित माता ठकरान दाईजी के दरबार में स्थापित आकर्षक मनोहारी मनमोहक अति सुंदर 11 घट कलश व जवारे के दर्शनकर नगर वासियों ने धर्मलाभ उठाया,भव्य शोभायात्रा अश्व पर सवार युवक ध्वजा लिए रहने के साथसाथ माता महाकाली का स्वरूप धारण जीवंत झांकी के साथसाथ सुसज्जित बग्गी विभिन्न प्रकार की मनमोहक आकर्षक झांकियों जनआकर्षक का केंद्र बनी हुई थी।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जित हो रहे मां के जवारे, भक्तों का लगा तांता

**नवभारत,साईखेड़ा।** दादा जी धूनी वाले की पावन नगरी इन दिनों पूरी तरह से शक्ति की भक्ति में डूबी हुई है। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर मां जगदम्बा के जवारे श्रद्धापूर्वक बिराजमान किए गए हैं, जहाँ प्रतिदिन सुबह-शाम मां की विशेष सेवा और आराधना का क्रम जारी है। शांति मोहल्ला में महाआरती और भक्तों का मेला नगर के शांति मोहल्ला में साहब लाल पाल के निवास पर जवारे दर्शन के लिए भक्तों का तांता



लगा हुआ है। यहाँ आयोजित होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय और भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु ढोल-धमाकों और माता के भजनों के साथ मां की आराधना कर रहे हैं।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा** रा.मा.क्र. अ-6 सन-2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 17/04/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | कंदेली | 40/2 41/4 | 1801 वर्गफुट | नरेश कुमार आ. शंकरलाल ऑडेला सा. कंदेली | नरेश कुमार आ. शंकरलाल ओंडेला सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर